प्रेस नोट **11/06/2024**

दिनांक 06.06.2024 की रात थाना घोसी क्षेत्रान्तर्गत कुडहनी में छोटे भाई द्वारा बड़े भाई को हथौडी से मारकर की गयी हत्या में संलिप्त अभियुक्त(मृतक का भाई) गिरफ्तार, कब्जे से आलाकत्ल हथौडी बरामद-

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में आपराध/आपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना घोसी पुलिस को उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब आज दिनांक 11.06.2024 को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर बस स्टैण्ड घोसी के पास से मु0अ0सं0 232/24 धारा 302 भादवि में वांछित अभियुक्त (मृतक का भाई) दिलीप सिंह पुत्र स्व0 लालबहादुर सिंह निवासी कुडहनी थाना घोसी जनपद मऊ की निशान देही पर आलाकत्ल हथौडी बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

कडाई से पूछताछ के दौरान उक्त द्वारा बताया गया कि पढाई को लेकर बार-बार बोलते व मारते थे। जिससे तंग आकर गुस्से में आकर दिनांक 06.06.2024 की रात को हथौडी से अपने भाई के सिर पर मारकर हत्या कर दी।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. दिलीप सिंह पुत्र स्व0 लालबहादुर सिंह निवासी कुडहनी थाना घोसी जनपद मऊ।

बरामदगी-

1. एक अदद आलाकत्ल हथौडी।